SAWF IN
South Asia Women Foundation India

# PARVAAZ LEGAL FELLOWSHIP
# CALL FOR APPLICATION

SUBMISSION DEADLINE – 25TH DECEMBER 2024, 12 MIDNIGHT IST

South Asia Women Foundation India (SAWF IN) is pleased to announce an Open Call for Applications for a fellowship aimed at women and trans*[1] lawyers practicing at district courts of Andhra Pradesh, Gujarat, Haryana, Maharashtra, Odisha, Rajasthan, Uttar Pradesh, West Bengal, and all 8 North-Eastern States in India, enhancing their efforts to support women and trans* communities in accessing justice and legal remedy. The fellowship support is for a 10-to-18-month period.

**About South Asia Women Foundation of India (SAWF IN)**

South Asia Women Foundation India (SAWF IN) is a national women's fund. We were set up with the vision of building a world where women, girls, trans and gender non-conforming persons realise their rights and fundamental freedoms to equality and non-discrimination. Our mission is to mobilise domestic and other resources, to support movements and initiatives led by women, trans and gender non-conforming persons, towards the realisation of their human rights.

As a women's fund, SAWF IN supports women's and trans* led initiatives at the grassroots. We believe in their leadership and skills to find the most appropriate solutions to address the issues facing them. SAWF-IN's role is to ensure that resources are made available and are reaching the most dispossessed women and trans* collectives, for the priorities they identify, and the claims they make.

**Parvaaz Legal Fellowship – Background**

Launched in 2017, the annual fellowship provides financial and technical support to women and trans* lawyers practicing in districts courts of India, which are the first site of legal redress and remedies for women and trans* persons. The fellowship support is aimed at enabling women and trans* lawyers hone lawyering skills, and advocate for gender and social justice using a feminist approach. At the same time, the fellowship offers opportunities for women and trans* lawyers to exchange learning and network with local experts and experienced feminist lawyers.

The fellowship support also becomes a catalyst to encourage quality legal advice and services for women and trans* person, especially those from marginalised communities. In the last 5 years, the fellowship has supported 26 women lawyers across 20 district courts. They have all extended pro bono legal services to those from underserved communities, engaged closely with the local socio-legal aid ecosystem and contributed to legal literacy efforts at the grassroots highlighting the rights and justice needs of women, girls and queer persons from socially and economically marginalised communities.

[1] For SAWF IN Trans* refers to an umbrella term including but not restricted to transgender, agender, gender fluid and gender non- binary identities.

**Parvaaz Legal Fellowship Call to Join the 2025 Cohort**

SAWF IN is expanding its Fellowship to build a stronger cohort of committed women and trans* lawyers who will enhance their lawyering skills and grow into an impactful peer network that addresses gender-based inequalities and discrimination through as well as within the bench and bar.

Navigating India's formal legal system can be difficult, even for the literate and educated, as laws and legal processes can be intimidating. The marginalised, especially women and trans* persons, due to their identity, face more barriers in accessing justice or any form of legal remedy. These communities continue to face structural exclusion and alienation, especially those who have been survivors of violence, systemic discriminations and institutional bias. Furthermore, the patriarchal nature, in addition to inadequate gender diversity in the Indian legal system, creates an environment that is not inclusive or responsive to needs of those at the margins. In short, the Constitutional promise of equality to all continues to be a distant dream for the marginalized in the country.

Through the Parvaaz Legal Fellowship SAWF IN wishes to address the unmet need for quality legal representation and legal-aid to women and trans* persons who choose to engage with justice delivery mechanisms and claim the legal remedies they are entitled to. As a legal fellow the selected applicant would be expected to:

- Commit time each month to virtual capacity strengthening sessions, peer exchange calls and legal research/writing.
- Commit time to providing pro bono legal services to women and trans litigants, especially those from most marginalised communities.
- Engage with the local socio-legal-aid ecosystem of community-based organisations, legal-aid cells, monitoring committees, legal literacy initiatives, and law colleges/students to encourage care and rights-based practices.
- Advocate for more gender responsive lawyering and mechanisms at district courts.

**Who can apply:**

- ➢ Women (Any person identifying themselves as woman and not restricted to biological definition.) lawyers practicing in any district court of Andhra Pradesh, Gujarat, Haryana, Maharashtra, Odisha, Rajasthan, Uttar Pradesh, West Bengal and all 8 North-Eastern States of India.
- ➢ With at least 1-6 years of litigation experience. Preferably on laws to uphold rights of women, children, transgender community, persons with disability.
- ➢ Self-motivated and passionate about legal practice. Good articulation skills and willingness to document their work extensively. Can dedicate time towards the fellowship activities and expectation for the complete duration of the fellowship.
- ➢ Preference will be given to fellows who belong to socially, economically, ethnically marginalised communities they intend to impact. Applicants below the age group of 35 will be preferred.
- ➢ Someone with experience of engaging with women or trans* communities, facilitating their leadership or has been an active supporter of the gender rights movement will be preferred. Linkages with women and trans* groups will be an advantage.

**Review and Selection Process**

- A **Webinar** will be organised on **8th December, 2024** to walk interest applications through the application process and answer any queries. Kindly register here to attend.
- Submit the application online or complete offline (English and Hindi) and email to fellowship@womensfundindia.org. Submission deadline is **25th December 2024 at 12 midnight IST**
- **Every application will receive an acknowledgement** from SAWF IN. Please contact us at fellowship@womensfundindia.org if you do not receive an acknowledgement.
- **SAWF IN will take 6 to 8 weeks from the last day of submission to process the applications**. In this period, we might reach out to the referees provided by the applicants.
- **Shortlisted applicants will be contacted for an interview round (tentatively to be held between 1st to 15th March 2025)** with a selection panel consisting of experienced and senior feminist lawyers.
  All applicants who do not move further will also be informed.
- **The final selected legal fellows for 2025 will be announced tentatively by 20th March 2025.**
- The legal fellowship will begin from **1st April 2025 and continue up to 31st March 2026 with a possibility of extension based upon performance assessment.**

**PLEASE NOTE**

**It will take a couple of hours to complete the application form.**

**Applicants are welcome to apply in English, Hindi or in their vernacular language. However, certain sections such as demographic details and references would need to be supplied in English.**

**Try to complete the Online Application in one sitting, though your progress should not get lost in case of unstable Internet connection. You will be able to move forward and backward on the form to edit your responses. Remember, your application will only reach us once you have completed all sections, uploaded the documents and clicked 'Submit'. Once submitted, you will not be able to edit your responses.**

**Email the completed Offline Application (English and Hindi) with the relevant documents (copy of enrollment certificate and PAN Card) to fellowship@womensfundindia.org with the subject *"Legal Fellowship Application 2025".***

**Submission Deadline: 25th December 2024 at 12 midnight IST.**

**If selected for the fellowship, applications will be required to submit address proof and bank account details. Fellows will also be required to make time to attend an in person meeting in April 2025,**

**If you have any queries, please write to fellowship@womensfundindia.org**

SAWF IN
South Asia Women Foundation India

# परवाज़ लीगल फेलोशिप

## आवेदन के आमंत्रण की घोषणा

आवेदन की अंतिम तारीख 25 दिसम्बर 2024, रात 12 बजे

**साउथ एशिया वीमेन फाउंडेशन इंडिया (SAWF IN)** को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि महिलाओं और ट्रांस*[2] वकीलों के लिए फेलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह फेलोशिप उन वकीलों के लिए है जो आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और भारत के सभी 8 उत्तर-पूर्वी राज्यों के जिला न्यायालयों में प्रैक्टिस कर रहे हैं। इस फेलोशिप का उद्देश्य महिलाओं और ट्रांस* समुदायों को न्याय और कानूनी उपचारों तक पहुँच बनाने में धरातल पर काम कर रहे वकीलों के प्रयासों को सशक्त बनाना है। फेलोशिप की समयविधि 10 से 18 महीने होगी।

**साउथ एशिया वीमेन फाउंडेशन इंडिया (SAWF IN) के बारे में**

साउथ एशिया वीमेन फाउंडेशन इंडिया (SAWF IN) एक राष्ट्रीय महिला कोष है। इसे इस दृष्टि से स्थापित किया गया था कि एक ऐसा संसार बनाया जा सके जहां महिलाएं, लड़कियां, ट्रांस और जेंडर नॉन-कन्फॉर्मिंग व्यक्ति अपने अधिकारों और समानता व गैर-भेदभाव की बुनियादी स्वतंत्रताओं को प्राप्त कर सकें। हमारा मिशन घरेलू और अन्य संसाधनों को जुटाना है, ताकि महिलाओं, ट्रांस और जेंडर नॉन-कन्फॉर्मिंग व्यक्तियों द्वारा संचालित आंदोलनों और पहलों का समर्थन किया जा सके और उनके मानवाधिकारों को साकार किया जा सके।

एक महिला कोष के रूप में, SAWF IN जमीनी स्तर पर महिलाओं और ट्रांस* व्यक्तियों के नेतृत्व वाली पहलों का समर्थन करती है। हम उनके नेतृत्व और उनके मुद्दों के समाधान खोजने की क्षमताओं में विश्वास करते हैं। SAWF IN का कार्य यह सुनिश्चित करना है कि संसाधन उपलब्ध हों और सबसे वंचित महिलाओं और ट्रांस* समूहों तक पहुंचें, उनकी पहचानी गई प्राथमिकताओं और उनके द्वारा किए गए दावों को समर्थन मिले।

**परवाज़ लीगल फेलोशिप - पृष्ठभूमि**

2017 में शुरू की गई वार्षिक परवाज़ फेलोशिप भारत के जिला न्यायालयों में प्रैक्टिस कर रही महिलाओं और ट्रांस* वकीलों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करती है। जिला न्यायालय महिलाओं और ट्रांस* व्यक्तियों के लिए कानूनी उपाय और न्याय की पहली जगह होते हैं। यह फेलोशिप महिलाओं और

[2] SAWF IN की समझ में ट्रांस* एक व्यापक शब्द है, जिसमें ट्रांसजेंडर, एजेंडर, जेंडर फ्लुइड और जेंडर नॉन-बाइनरी पहचानों सहित, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं, सभी शामिल हैं।

ट्रांस* वकीलों को उनकी वकालत के कौशल को निखारने और नारीवादी दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए जेन्डर और सामाजिक न्याय के लिए वकालत करने में सक्षम बनाने के लिए समर्थन प्रदान करती है। साथ ही, यह फेलोशिप महिलाओं और ट्रांस* वकीलों को स्थानीय विशेषज्ञों और अनुभवी नारीवादी वकीलों के साथ सीखने और नेटवर्क बनाने के अवसर भी प्रदान करती है। यह समर्थन महिलाओं और ट्रांस* व्यक्तियों, विशेष रूप से जो हाशिये पर समुदायों से हैं, के लिए गुणवत्तापूर्ण कानूनी सलाह और सेवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में भी काम करता है।

पिछले 5 वर्षों में, फेलोशिप ने 20 जिला न्यायालयों में 26 महिला वकीलों का समर्थन किया है। इन वकीलों ने वंचित समुदायों को नि:शुल्क (प्रो बोनो) कानूनी सेवाएं प्रदान की हैं, स्थानीय सामाजिक-कानूनी सहायता प्रणाली के साथ निकटता से काम किया है, और जमीनी स्तर पर महिलाओं, लड़कियों और हाशिये पर रहने वाले सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर समुदायों के अधिकारों और न्याय की जरूरतों को उजागर करते हुए कानूनी साक्षरता प्रयासों में योगदान दिया है।

**परवाज़ लीगल फेलोशिप 2025 बैच के लिए आवेदन आमंत्रण**

**SAWF IN** अपनी फेलोशिप का विस्तार कर रहा है, ताकि समर्पित महिलाओं और ट्रांस* वकीलों का एक सशक्त समूह तैयार किया जा सके। यह समूह अपने वकालत के कौशल को निखारते हुए एक प्रभावशाली सहकर्मी नेटवर्क के रूप में विकसित होगा, जो अदालत और बार में तथा इनके माध्यम से जेन्डर असमानताओं और भेदभाव का समाधान करेगा।

भारत की औपचारिक कानूनी प्रणाली को समझना और उससे गुजरना शिक्षित और साक्षर लोगों के लिए भी कठिन हो सकता है, क्योंकि कानून और कानूनी प्रक्रियाएं भयावह हो सकती हैं। हाशिये पर समुदायों, विशेष रूप से महिलाओं और ट्रांस* व्यक्तियों को उनकी पहचान के कारण न्याय तक पहुँचने या किसी भी कानूनी उपाय का उपयोग करने में और भी अधिक बाधाओं का सामना करना पड़ता है। ये समुदाय हिंसा, प्रणालीगत भेदभाव और संस्थागत पूर्वाग्रह के शिकार होने के कारण संरचनात्मक बहिष्कार और अलगाव झेलते रहते हैं। इसके अलावा, भारतीय कानूनी प्रणाली में पितृसत्तात्मक प्रवृत्ति और अपर्याप्त जेन्डर विविधता, हाशिये पर रहने वालों की जरूरतों के प्रति समावेशी या उत्तरदायी वातावरण नहीं बनाती। संक्षेप में, संविधान द्वारा सभी को समानता का जो वादा किया गया है, वह देश के हाशिये पर रहने वालों के लिए अभी भी एक दूर का सपना बना हुआ है।

**परवाज़ लीगल फेलोशिप** के माध्यम से SAWF IN महिलाओं और ट्रांस* व्यक्तियों के लिए गुणवत्तापूर्ण कानूनी प्रतिनिधित्व और कानूनी सहायता की अपूर्ण जरूरत को पूरा करना चाहता है, जो न्याय प्रणाली में भाग लेने और अपने कानूनी अधिकारों का दावा करने का प्रयास करते हैं। **एक लीगल फेलो के रूप में चयनित आवेदक से अपेक्षाएं:**

- हर महीने वर्चुअल क्षमता निर्माण सत्रों, सहकर्मी संवाद कॉल और कानूनी शोध/लेखन के लिए समय देना।
- *महिलाओं और ट्रांस* वादियों, विशेष रूप से हाशिये पर रहने वाले समुदायों, को नि:शुल्क (प्रो बोनो) कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध रहना।

- सामुदायिक संगठनों, कानूनी सहायता केंद्रों, निगरानी समितियों, कानूनी साक्षरता पहलों, और कानून कॉलेजों/छात्रों के साथ मिलकर काम करना, ताकि देखभाल और अधिकार-आधारित प्रथाओं को प्रोत्साहित किया जा सके।
- जिला न्यायालयों में जेन्डर संवेदनशील वकालत और अधिक प्रभावी तंत्र स्थापित करने के लिए प्रयास करना।

**कौन आवेदन कर सकता है:**

- **महिलाएं** (वे सभी व्यक्ति जो स्वयं को महिला के रूप में पहचानते हैं, जैविक परिभाषा तक सीमित नहीं)।
- आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और भारत के सभी 8 उत्तर-पूर्वी राज्यों के किसी भी जिला न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाली वकील।
- **कम से कम 1-6 वर्षों का वकालत अनुभव।**
- महिलाओं, बच्चों, ट्रांसजेंडर समुदाय और विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों का संरक्षण करने वाले कानूनों में अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- **स्व-प्रेरित और वकालत के प्रति जुनूनी।**
- प्रभावी अभिव्यक्ति कौशल और अपने काम का विस्तृत दस्तावेज़ीकरण करने की इच्छा।
- फेलोशिप की गतिविधियों और अपेक्षाओं को पूरी अवधि के दौरान पूरा करने के लिए समय देने की प्रतिबद्धता।
- **सामाजिक, आर्थिक, या जातीय रूप से हाशिये पर रहने वाले समुदायों से आने वाले आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी**, जिन पर वे प्रभाव डालने का इरादा रखते हैं।
- 35 वर्ष से कम उम्र के आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- ऐसे व्यक्ति जिन्हें महिलाओं या ट्रांस समुदायों के साथ काम करने का अनुभव हो*, उनके नेतृत्व को प्रोत्साहित करने में मदद की हो, या जो लैंगिक अधिकार आंदोलन के सक्रिय समर्थक रहे हों, उन्हें प्राथमिकता मिलेगी।
- महिलाओं और ट्रांस* समूहों के साथ संबंध रखने वाले आवेदकों को लाभ मिलेगा।

**समीक्षा और चयन प्रक्रिया**

- **8 दिसंबर 2024** को एक वेबिनार आयोजित किया जाएगा, जिसमें इच्छुक आवेदकों को आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से मार्गदर्शन किया जाएगा और उनकी किसी भी शंका का समाधान किया जाएगा। इसमें भाग लेने के लिए कृपया यहाँ रजिस्टर करें।

- आवेदन ऑनलाइन जमा करें या ऑफ़लाइन (अंग्रेजी और हिंदी में) पूरा करें और इसे fellowship@womensfundindia.org पर सभी जरूरी दस्तावेज़ों के साथ ईमेल करें। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **25 दिसंबर 2024, रात 12 बजे (IST)** है।
- हर आवेदन पर SAWF IN से एक स्वीकृति प्राप्त होगी। यदि आपको स्वीकृति प्राप्त नहीं होती है, तो कृपया fellowship@womensfundindia.org पर हमसे संपर्क करें।
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के बाद, **SAWF IN** को आवेदनों को संसाधित करने में **6 से 8 सप्ताह** का समय लगेगा। इस अवधि में, हम आवेदकों द्वारा प्रदान किए गए संदर्भों से संपर्क कर सकते हैं।
- चयनित आवेदकों को **1 मार्च से 15 मार्च 2025** के बीच (संभावित रूप से) एक इंटरव्यू राउंड के लिए संपर्क किया जाएगा। यह इंटरव्यू राउंड एक पैनल द्वारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें अनुभवी और वरिष्ठ नारीवादी वकील शामिल होंगे। जो आवेदक आगे नहीं बढ़ पाएंगे, उन्हें भी जानकारी दी जाएगी।
- **2025 के लिए अंतिम चयनित लीगल फेलो** की घोषणा **20 मार्च 2025** तक (संभावित रूप से) की जाएगी।
- लीगल फेलोशिप **1 अप्रैल 2025** से शुरू होगी और **31 मार्च 2026** तक चलेगी, जिसमें प्रदर्शन मूल्यांकन के आधार पर विस्तार की संभावना हो सकती है।

**कृपया ध्यान दें**

- **आवेदन पत्र भरने में कुछ घंटे लग सकते हैं।**
- **आवेदक अंग्रेज़ी, हिंदी या अपनी क्षेत्रीय भाषा में आवेदन कर सकते हैं। हालांकि, कुछ अनुभाग, जैसे जनसांख्यिकीय विवरण और संदर्भ व्यक्ति की जानकारी, अंग्रेज़ी में प्रदान करना आवश्यक है।**
- **ऑनलाइन आवेदन को एक बार में पूरा करने का प्रयास करें। हालांकि, यदि इंटरनेट कनेक्शन अस्थिर है तो आपकी प्रगति नहीं खोनी चाहिए। आप फॉर्म में आगे-पीछे जाकर अपने उत्तर संपादित कर सकते हैं। ध्यान रखें, आपका आवेदन तभी स्वीकार किया जाएगा जब आपने सभी अनुभाग पूरे कर लिए हों, दस्तावेज़ अपलोड कर दिए हों और 'सबमिट' पर क्लिक किया हो। एक बार सबमिट करने के बाद आप अपने उत्तरों को संपादित नहीं कर पाएंगे।**
- **ऑफ़लाइन आवेदन (अंग्रेज़ी और हिंदी में) को पूरा करके आवश्यक दस्तावेज़ों (नामांकन प्रमाणपत्र और पैन कार्ड की प्रति) के साथ fellowship@womensfundindia.org पर ईमेल करें। ईमेल का विषय "Legal Fellowship Application 2025" रखें।**
- **आवेदन की अंतिम तिथि: 25 दिसंबर 2024, रात 12 बजे (IST)।**
- **फेलोशिप के लिए चयनित होने पर, आवेदकों को पता प्रमाण और बैंक खाता विवरण प्रस्तुत करने होंगे। फेलो को अप्रैल 2025 में एक व्यक्तिगत बैठक में शामिल होने के लिए समय निकालना आवश्यक होगा।**
- **यदि आपके पास कोई प्रश्न हैं, तो कृपया fellowship@womensfundindia.org पर ईमेल करें।**